नवभारत

# सारस डायलिसिस सेंटर को सामग्री भेंट

**200** रुपए में सुविधा उपलब्ध

नवभारत न्यूज नेटवर्क

**पुणे.** टाटा स्टील डाऊनस्ट्रीम प्रॉडक्ट द्वारा सारस डायलिसिस सेंटर को दो लाख 75 हजार की मदद की गई. यह डायलिसिस सेंटर लायन्स क्लब ऑफ पूना सारसबाग चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चलाया जाता है. यहां की व्यवस्था, स्वच्छता और बेहतर सुविधा केवल 200 रुपये में उपलब्ध की जाती है, यह देखकर सभी ने इस सेंटर की सराहना की.

टाटा स्टील डाऊनस्ट्रीम प्रॉडक्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर अब्राहम स्टेफनोस, जनरल मैनेजर वेंकट पामपटवार, लायन्स क्लब ऑफ पूना चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन फतेचंद रांका, लायन्स क्लब के अध्यक्ष संतोष पटवा, सचिव कल्पेश पटणी, कन्वीनर तुषार मेहता, योगेश शाह, उत्कर्ष गांधी, राजेंद्र शाह, प्रवीण ओसवाल आदि इस समय उपस्थित थे. अब्राहम ने कहा कि टाटा ग्रुप हमेशा ही सामाजिक कार्य के लिए आगे रहता है. जरूरतमंद लोगो के लिए यह डायलिसिस सेंटर चलाना ख़ुशी की बात है. हमारी ओर से आगे भी मदद लगेगी तो दी जाएगी. वेंकट पामपटवार ने डायलेसिस सेंटर की तरफ से दिए गये इन सेवा की तारिफ की और टाटा समुह के विविध सामाजिक कार्य के बारे में जानकारी दी. इन क्लब के साथ हमारा रिश्ता जुड गया ऐसी भावना व्यक्त की.